धाकड़ में ऐक्शन मोड में दिखेंगी कंगना रनौत

बॉलिवुड की क्वीन कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम धाकड़ है और यह एक ऐक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म में कंगना एकदम नए अवतार में नजर आएंगी और इसका डायरेक्शन रजनीश रेजी घई कर रहे हैं। कंगना ने हाल में ही इस फिल्म का टाइटल मीडिया को बताया था।

फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा, मेरा करियर केवल मेरा सफर नहीं है बल्कि यह इंडियन सिनेमा का भी सफर है। यह बॉलिवुड की पहली और अपनी तरह की महिला-प्रधान ऐक्शन फिल्म है। यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है और इसे फेस्टिवल सीजन में रिलीज किया जाएगा। अगर यह सफल रही तो हम महिलाओं को फिल्मों में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना होगा। यह फिल्म हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है, मैं इसमें काम करने का और इंतजार नहीं कर सकती हूं। इस फिल्म को रेजी के साथ चिंतन गांधी और रिनिश रविंद्र ने लिखा है। इस फिल्म के साथ ही कहानी और पिंक जैसी फिल्मों के स्क्रीनराइटर रितेश शाह पहली बार कंगना रनौत के साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म के बारे में डायरेक्टर रेजी ने कहा कि वह ऐक्टर के तौर पर कंगना की तरक्की को देख रहे हैं और उन्हें ऐसा लगता है कि कंगना ही इस फिल्म के लिए पर्फेक्ट हैं। यह फिल्म फीमेल हीरो वाली ऐक्शन फिल्म होगी और फिल्म की टीम इसके लिए किसी बड़े हॉलिवुड ऐक्शन डायरेक्टर की मदद लेने का प्लान बना रहे हैं। फिल्म की शूटिंग भारत के अलावा, साउथ ईस्ट एशिया, मिडिल ईस्ट और यूरोप में की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को दिवाली 2020 के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हॉस्टेजेस की सफलता मुझे और कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करती है: टिस्का

अपनी वेब सीरीज हॉस्टेजेस को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से खुश अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा का कहना है कि यह उन्हें और कड़ी मेहनत करने और हर बार नई कहानियां पेश करने के लिए प्रेरित करता है। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्मकार सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित यह दस-एपिसोड की वेब सीरीज एक डॉक्टर की कहानी बताती है। डॉक्टर के किरदार में टिस्का चोपड़ा हैं। उनके परिवार को बंधक बना लिया गया है और टिस्का को एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या करके अपने परिवार वालों को बचाने का कठोर निर्णय लेना है। हॉटस्टार की इस खास वेब सीरीज में रोनित रॉय, परवीन डबास और दलीप ताहिल भी हैं। टिस्का ने एक बयान में कहा, मेरी अब तक की मजेदार भूमिकाओं में डॉ. मीरा आनंद की भूमिका निभाना सबसे चुनौतीपूर्ण रहा है। शूट काफी मजेदार रहा। लेकिन इससे भी बढ़कर यह है कि दर्शकों से मुझे इसके लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अभिनेत्री ने आगे कहा, यह मुझे हर बार नई कहानी लाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। वहीं, रोनित रॉय का कहना है, हॉस्टेजेस एक ऐसी वेब सीरीज है, जो कई ट्विस्ट और रहस्यों से भरा है, जिसे देखकर दर्शक आनंदित होते हैं।

पति पत्नी और वो के रीमेक के लिए वजन बढ़ाया अनन्या पांडे ने

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी आने वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो' के रीमेक के लिए वजन बढ़ाया है। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की पुत्री अनन्या पांडे ने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। अनन्या पांडे, कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर के साथ फिल्म पति पत्नी और वो के रीमेक में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म की स्टार कास्ट यूपी के लखनऊ में शूटिंग के लिए जाने वाली है। फिल्म का फर्स्ट लुक कुछ समय पहले सामने आया था और कार्तिक, अनन्या और भूमि की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। अनन्या इस फिल्म में एक उम्र में बड़ी सेक्रेटरी की भूमिका निभा रही हैं, जिसका बॉस उस पर लट्टू है। अनन्या ने बताया कि उन्हें इस रोल के लिए पांच किलो वजन बढ़ाना पड़ा और ये उनके लिए आसान बात नहीं थी। उन्होंने बताया कि कैसे वजन बढ़ाने का मतलब ये नहीं है कि आप कुछ भी खा लो बल्कि ये है कि सही में ठीक से खाओ। अनन्या ने बताया कि अपने वजन को बढ़ाने के लिए वो हर दो घंटे में कुछ न कुछ खाती थीं और उन्होंने ज्यादा प्रोटीन लेना शुरू कर दिया था। अनन्या ने बताया है कि वो फिलहाल एक स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो कर रही हैं और उनकी पिलाटे ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला उनके खाने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। यह फिल्म ०६ दिसंबर को रिलीज होगी।